संख्या-7/2015/ 704/57-2015-51(जी)/2013

प्रेषक,

श्री बाबूलाल श्रीवास,
विशेष सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

1- समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।
2- मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक,
आई0आर0सी0टी0सी0
लखनऊ।
3- प्रबंध निदेशक,
उ0 प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम,
लखनऊ।

धर्मार्थ कार्य अनुभाग लखनऊ दिनांक: 20 जुलाई, 2015

विषय: उ0प्र0 प्रदेश के वरिष्ठ एवं मूल नागरिकों को शासकीय व्यय पर समाजवादी श्रवण यात्रा के अन्तर्गत अजमेर-पुष्कर यात्रा कराए जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के विज्ञप्ति/प्रकीर्ण संख्या- 2/2015/621/57/2015-51(जी)/2013 दिनांक: 22 जून, 2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त यात्रा से सम्बन्धित विशेष-ट्रेन दिनांक: 23 जुलाई, 2015, को लखनऊ से अजमेर-पुष्कर को मध्यान्ह 12.00 बजे प्रस्थान करेगी। विशेष- ट्रेन के प्रस्थान किये जाने से पूर्व प्रात: 10 बजे से चयनित यात्रियों के रिफ्रेशमेंट हेतु नि:शुल्क जलपान की व्यवस्था की गई है।

3- कृपया उपरोक्त वर्णित व्यवस्था के सम्बन्ध में अपने जनपदों में उन सभी आवेदकों को उनके चयनित होने की सूचना उपलब्ध करानें का कष्ट करें, जिन्होंने विशेष ट्रेन से यात्रा करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त के अतिरिक्त चयनित समस्त यात्रियों को यह भी सूचित करें कि वे दिनांक: 23 जुलाई, 2015, को प्रात: 08:00 बजे लखनऊ चारबाग स्टेशन पर आर0एम0एस0 (रेल डाक सेवा) के पीछे स्थापित पन्डाल में उपस्थित होने का कष्ट करें। उक्त ट्रेन प्लेटफार्म नं0-01 से प्रस्थान करेगी।

भवदीय,
बाबूलाल श्रीवास
विशेष सचिव।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in